**Title:** Need to check the infiltration of terrorists in Kashmir and activities of Inter-Services Intelligence (ISI) of Pakistan in India.

MR. SPEAKER: Shri Rashid Alvi, we have already discussed the demands of the Ministry of Home Affairs.

SHRI RASHID ALVI (AMROHA): This is a very important matter. It is about the security of the entire country.

महोदय, मैं इस संबंध में पूरे हाउस की और सरकार की तवज्जोह दिलाना चाहता हूं। खालिस्तान केजैडएफ के सुप्रीमो रंजीत सिंह उर्फ नीटा, पिछले पांच महीने में इंटरनेशनल बार्डर क्रॉस करके चार मर्तबा हिन्दुस्तान में दाखिल हो चुका है। जम्मू-काश्मीर में वे जब चाहते हैं तब आते हैं और आने के बाद अपने लोग भर्ती करते हैं। पूरे हिन्दुस्तान में घुमते हैं और उसके बाद जब चाहते हैं, चले जाते हैं। पता नहीं सरकार को यह बात मालूम है या नहीं। काश्मीर का यह अखबार है, इसमें पिछले तीन महीने पहले 18 तारीख को यह लिखा है कि फलां तारीख को वह हिन्दुस्तान आने वाला है, लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की, कोई तवज्जह नहीं दी।

महोदय, सियालदा एक्सप्रेस के अंदर 10 नवम्बर को, और पूजा एक्सप्रेस में 19 मार्च को जो ब्लास्ट हुए थे, उसकी तमामतर जिम्मेदारी इसी आदमी की बताई जाती है। देश की सिक्योरिटी को बड़ा खतरा है। इस देश में कारगिल जैसा वाक्या हो चुका है। होम मिनिस्ट्री सो रही है। होम मिनिस्टर को इस बात का पता नहीं है कि किस तरीके से टेरेरिस्ट आ रहे हैं और जा रहे हैं। महोदय, अखबारों में खबर छप रही है और होम मिनिस्ट्री को कोई इत्तिला नहीं है। उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। मुझे बताया गया कि काश्मीर के चीफ मिनिस्टर की सिक्योरिटी में आईएसआई एजेंट पकड़े गए हैं। अगर चीफ मिनिस्टर की सिक्योरिटी में आईएसआई का एजेंट हो सकता है तो मुझे अफसोस और तकलीफ के साथ कहना पड़ रहा है कि देश में कोई भी आदमी महफूज़ नहीं रह सकता, हिफाज़त से नहीं रह सकता। काश्मीर में जो टेरेरिस्ट पकड़े जा रहे हैं, उनके लिए बताया जा रहा है कि उनका ताल्लुक खालिस्तान से और आईएसआई से है।

महोदय, मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि इतने खतरनाक हालात से गुजरने के बावजूद क्या सरकार सो रही है। अखबार में खबरें पहले छप रही हैं और सरकार को इस बात की इत्तिला भी नहीं है कि वहां से लोग आकर नेपाल बार्डर में घूम कर वापल चले जाते हैं। इस बारे में सख्त से सख्त कार्यवाही करनी चाहिए। मैंने नोटिस तो यह दिया है कि फिरोजाबाद में जो दलित भाई पकडे गए, मिनिस्टर ने हाउस में स्टेटमेंट दिया, उसके बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई। किसी पुलिस वाले को फिरोजाबाद में सस्पेंड नहीं किया गया।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Yogi Aditya Nath.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please understand. I have got 50 notices today.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: You are not allowing your own Member.

**â€¦**( व्यवधान)

**श्री राशिद अल्वी :** महोदय, वहां किसी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई, मैं इस बारे में भी कहना चाहता हूं।...(व्यवधान) सरकार इस बारे में कार्यवाही करे।